28.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह आज पंचतत्व में विलीन। राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–पेसा कानून में प्रस्तुत दावों का निराकरण समय–सीमा में प्राथमिकता से करें।
- मध्यप्रदेश के मौसम का मिजाज अचानक आया बदलाव। कई जिलों में बारिश के साथ गिरे ओले।
- भोपाल नगर निगम द्वारा ने किया नवाचार। पुराने फूलों से बनाई जा रहीं अगरबत्ती।

मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेंदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिगमे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

सीएम मीटिंग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पेसा कानून में प्रस्तुत समस्त दावों का निराकरण समय–सीमा निर्धारित कर प्राथमिकता पर किया जाए। आगामी कलेक्टर–कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में इसकी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनजातीय कार्य विभाग में पेसा सेल गठित करने पर सहमति प्रदान की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में समस्त पात्र भाई–बहनों का शत–प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को फसल चक्र के अनुसार समय रहते उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए उर्वरक वितरण के प्रमुख केन्द्रों पर अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए कार्य योजना विकसित करने के निर्देश दिए गए।

## विज्ञान और तकनीक

राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में ग्यारहवां विज्ञान मेला चल रहा है। 30 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में पूरे प्रदेशभर के विज्ञान एवं तकनीकी विषय के 150 मॉडल आए हैं। इन मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा नवाचार को प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर है विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव प्रवीण रामदास ने कहा कि विज्ञान और समाज के बीच सेतु निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और अन्य महान वैज्ञानिकों के योगदान को हमेशा याद रखते हुए देश हित में विज्ञान से विकास के बारे में कार्य करना चाहिए। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि विज्ञान को मातृभाषा में समझाना आवश्यक है। छात्रों को मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वैज्ञानिक विकास शेंडे ने कहा कि मेले में वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं, जो नवाचार और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## मां का दूध अनिवार्य

भोपाल के शासकीय कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में जन्म के एक घंटे बाद हर शिशु को मां का दूध पिलाना अनिवार्य किया गया है। यह व्यवस्था पहले से थी, लेकिन प्रसव के बाद नवजात शिशु या जिन माताओं की हालत बिगड़ती थी, तब मां एवं बच्चे को अलग रख जाता था। इससे स्तनपान में गैप होता था। अस्पताल के अधीक्षक कर्नल पी.के. सिंह के अनुसार अब ऐसा नहीं होगा। शिशु वार्ड में बड़ी व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त नर्सों को लगाया गया है। अस्पताल में प्रतिदिन 90 से लेकर सौ महिलाएं प्रसव के लिए भर्ती होती हैं। यूनिसेफ मध्यप्रदेश के संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी ने आकाशवाणी को बताया कि हर बच्चे लिए मां का दूध अमृत के समान है। जन्म के 6 महीने तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध ही पिलाया जाना चाहिए। काटजू अस्पताल द्वारा जन्म के एक घंटे बाद हर शिशु को मां का दूध पिलाना अनिवार्य करना एक अच्छी पहल है।

## मौसम

मध्यप्रदेश के मौसम का मिजाज आज अचानक बदल गया। भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश हुई। कुछ जिलों में ओलावृष्टि की भी खबर है। प्रदेश में दो दर्जन से अधिक जिलों का मौसम ऐसा बना रहा। भोपाल में कल दे रात से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी रुक–रुककर जारी रहा। दोपहर बाद गुनगुनी धूप खिली, लेकिन थोड़ी ही देर में आसमान पर बादलों ने अपना डेरा जमा लिया। शहडोल जिले में कई खरीदी केंद्रो पर धान भीग गई। डिंडोरी में बरसात के मौसम की तरफ खूब पानी बरसा। नर्मदापुरम जिले में 3 घंटे में 2 इंच से ज्यादा बारिश हो गई। अनूपपुर में बारिश से दलहनी फसलों को नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग ने आज रात और कल कई जिलों में आंधी–तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। रीवा, मऊगंज, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम और देवास जिले में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश होने का अनुमान है।

## भोपाल नवाचार

भोपाल नगर निगम द्वारा एक नवाचारी पहल की जा रही है। दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कोकोनट रिसाईकिल प्लांट लगाने के बाद अब फूलों से अगरबत्ती बनाने का प्लांट शुरू कर दिया गया है। इसके लिए शहर के मंदिरों से फूलों को एकत्रित किया जा रहा है, जिसे सुखाने के बाद इसकी अगरबत्ती बनेंगी। कमिश्नर हरेन्द्र नारायण इसका जायजा लेने पहुंचे। शहर के सभी मंदिरों के अलावा राजनैतिक कार्यक्रम, शादी–पार्टी से निकलने वाले फूलों को एकत्रित कर इस प्लांट भेजा जा रहा है। वर्तमान में रोजाना चार मैजिक वाहन पूरे शहर से फूल जमा कर रहे हैं। इन्हें सुखाने के बाद प्लांट में अगरबत्ती बनाई जा रही हैं।

## सीएम हेल्पलाइन

झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित 1000 दिवस, 500 दिवस और 300 दिवस से ऊपर की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन वन एट वन में जो भी शिकायतें आएं उनका संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हर सप्ताह शिकायतों की समीक्षा करें एवं प्रेषित जवाबों की मॉनिटरिंग करे। साथ ही समस्त अधिकारी संतुष्टि पूर्वक शिकायतों के निवारण करे एवं नॉन अटेंडेंट शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

## रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव

शहडोल में 16 जनवरी को प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियां की जा रही हैं। बाहर से आने वाले इन्वेस्टर्स पर्याप्त भूमि व आवश्यक सुविधा व संसाधन उपलब्ध कराने के उपाय किए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा इस कॉन्क्लेव में शामिल हों इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी उद्यमियों से अलग–अलग मुलाकात कर रहे हैं। विभिन्न कंपनियों की टीम भी शहडोल पहुंचकर अपने स्तर पर तैयारी कर रही है। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कॉन्क्लेव होना है।

## संक्षिप्त समाचार

– बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय में 100 दिवसीय निक्षय अभियान की समीक्षा बैठक ली।

– मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आकस्मिक निधन के कारण समस्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां निरस्त की गई हैं।

–गुना जिले के ग्राम बजरंगगढ़ में प्रशासन ने भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 1 करोड़ रुपए से अधिक की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है।

– बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण को रोकने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने जनता की सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। इसकी शिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 जारी किया गया है।

– शहडोल जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को ऋण दिए जाने में लापरवाही और लेटलतीफी किए जाने पर कलेक्टर केदार सिंह ने नाराजगी जताई है।

– खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यशाला हुई। प्राचार्य डॉ सोमपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इनके प्रति सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

– नर्मदापुरम जिले में आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है। इसके बाद विभाग ने 59 लाख 85 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब नष्ट की है।